जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र,
सरगुजा, अम्बिकापुर (छ0ग0)
मोबा : 7999340425, 9669599439
Email : employmentofficeamb@rediffmail.com

//प्रेस विज्ञप्ति//

जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, अम्बिकापुर के द्वारा **दिनांक 23.12.2024 दिन सोमवार को प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक** प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया गया है। जिसमें निजी नियोजक **निवा बुपा हेल्थ इंश्योरेन्स** ऑफिस पता–अम्बेडकर चौक, अम्बिकापुर जिला–सरगुजा (छ0ग0) **के शाखा प्रमुख** श्री खिलावन प्रसाद जांगड़े उपस्थित रहेंगे। जिसके अंतर्गत **सेल्स मैनेजर पद–10, टेली कॉलर पद–10 एवं हेल्थ एडवाईजर के 80 पदो पर** भर्ती की जानी है। इस हेतु उम्र 20 वर्ष से अधिक होना चाहिए। शैक्षणिक योग्यता दसवी से स्नातक संभावित वेतन 5000 से 18000/– एवं कमीशन निर्धारित किया गया है। प्लेसमेंट कैम्प पूर्णतः निःशुल्क है। नियुक्ति की शर्तो के लिए नियोजक स्वयं जिम्मेदार होंगे। कार्यालय की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सिर्फ सुविधाप्रदाता के रूप में होगी।

अतः जिले के इच्छुक ऐसे समस्त आवेदक जो उपरोक्त पदों हेतु योग्यता रखते हैं, वे अपने साथ शैक्षणिक योग्यता की अंकसूची, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साईज की फोटो के साथ ***दिनांक 23.12.2024 दिन सोमवार को प्रातः 11.00 बजे से सायं 4.00 बजे तक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द, गंगापुर अम्बिकापुर*** में आयोजित प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर रोजगार के अवसर का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

उपसंचालक रोजगार
अम्बिकापुर, सरगुजा

क्रमांक/जिरोस्वरोमाके/प्ले.कैम्प/2024–25/....294-2.....अम्बिकापुर दिनांक 19/12/2024

प्रतिलिपिः–

1. जिला जनसम्पर्क अधिकारी सरगुजा, अम्बिकापुर की ओर उपरोक्त प्रेस विज्ञप्ति को भेज कर लेख है कि उक्त प्रेस विज्ञप्ति को विभिन्न समाचार पत्रों में निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. संचालक, रोजगार एवं प्रशिक्षण छ.ग. इन्द्रावती भवन ब्लाक न. 4 रायपुर को सादर सूचनार्थ।
3. **श्री खिलावन प्रसाद जांगड़े** शाखा प्रमुख साक्षात्कार हेतु संस्था के सील सहित उपस्थित होने का कष्ट करेंगे।

उपसंचालक रोजगार
अम्बिकापुर सरगुजा